No. of Printed Pages : 2 **Roll No..............**

AJ-1424

M.A. (Final)

Term End Examination, 2021-22

HINDI

Paper-IV

लोक साहित्य (साहित्यिक वर्ग)

Time : 3 hours] **[Maximum Marks : 100**

नोट— *सभी खण्डों से निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।*

(खण्ड—क)

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए— **15×4=60**

(क) लोक संस्कृति की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए लोक साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) हिन्दी के आरम्भिक साहित्य में लोकतन्त्र की क्या प्रधानता थी ?

(ग) लोक साहित्य का अन्य सामाजिक विज्ञानों से संबंध लिखिए।

(घ) लोक साहित्य के प्रमुख रूपों का संक्षेप में वर्गीकरण कीजिए।

(ङ) हिन्दी नाटक और रंगमंच पर लोक-नाट्यों का प्रभाव लिखिए।

(च) लोक भाषा के महत्त्व एवं उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(छ) भारत की प्रमुख लोक-गाथाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(खण्ड—ख)

2. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर टिप्पणी लिखिए— **4×5=20**

(1) लोक वार्ता

(2) वर्तमान अभिजात साहित्य

(3) लोक नृत्य का उद्‌देश्य

(4) लोकगीत की विशेषता

(5) छत्तीसगढ़ी भाषा की चार कहावतों का अर्थ बताते हुए वाक्य बनाइए।

(6) पंडवानी गायिका तीजनबाई का जीवन परिचय।

(7) छत्तीसगढ़ी हाना

(8) राउतगीत (राउतनाचा)।

(खण्ड—ग)

3 निम्नलिखित में से किन्हीं बीस अति लघु-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए— **1×20=20**

(1) ढोला-मारु की कथा किस प्रदेश से जुड़ी है ?

(2) राउत गीत किस त्यौहार में गाया जाता है ?

[कृ.प.उ.]

(3) राउत नृत्य किस समाज के लोगों द्वारा किया जाता है ?

(4) बरूआ गीत किस उत्सव में गाया जाता है ?

(5) तमाशा किस प्रदेश का है ?

(6) देवार गीत किस जाति के लोगों का गीत है ?

(7) सतनाम पंथ का प्रसिद्ध नृत्य कौन-सा है ?

(8) मांदर क्या है ?

(9) छत्तीसगढ़ी नाचा का नायक कौन होता है ?

(10) पंडवानी गायिका का नाम लिखिए।

(11) रामचन्द्र देशमुख कौन हैं ?

(12) साखी गीत किसके द्वारा गाया जाता है ?

(13) पंथी नृत्य कब शुरू हुआ ?

(14) जँवारा गीत में किसकी आराधना की जाती है ?

(15) छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक वाद्यों के नाम लिखिए।

(16) परी कथा क्या है ?

(17) रामलीला कब आयोजित होती है ?

(18) छत्तीसगढ़ में देवी गीत को क्या कहा जाता है ?

(19) मढ़ई किसके पूजन का त्यौहार है ?

(20) पहेली को छत्तीसगढ़ी में क्या कहा जाता है ?

(21) 'कजली गीत' किस माह में गाया जाने वाला गीत है ?

(22) हल्बी बोली कहाँ बोली जाती है ?

(23) छत्तीसगढ़ी लोक भाषा आयोग के अध्यक्ष कौन हैं ?

(24) कथकली किस प्रदेश का नृत्य है ?

(25) दो महिला पंडवानी गायिका के नाम लिखिए।